PPMN

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, रींगस, नीम का थाना, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 21 अंक 11 जयपुर : 8 जनवरी 2023 से 22 जनवरी 2023 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

सभी पाठकों और प्रदेशवासियों को
**नव वर्ष के अवसर पर**
**हार्दिक शुभकामनाएं**



श्रवण सिंह किरार एवं श्रीमती शीला देवी
निदेशक मुख्य संरक्षक

**सुस्वागतम् वर्ष 2023**
नववर्ष 2023 में नये उत्साह, उमंग के साथ जीवन को खुशहाल व आनन्दमय बनाने तथा स्वयं, परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास के लिए स्वयं ही संकल्प लेवें।

**परिष्कार पत्रिका परिवार**

### पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव

# जनकल्याणकारी योजनाओं की सफल क्रियान्विति से बढ़ी जीडीपी :मुख्यमंत्री

### राजस्थान में औद्योगिक विकास का सुनहरा सफर जारी

### विकासशील राजस्थान-उद्यमशील राजस्थान थीम पर आयोजित उत्सव



परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जोधपुर सहित पूरे प्रदेश में उद्योग, शिक्षा, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास हुआ है। यहां 33 साल पहले सूचना केंद्र में शुरू हस्तशिल्प उत्सव आज विशाल स्वरूप ले चुका है। जोधपुर में हुए विकास कार्यों, नवाचारों की झलक भी प्रदर्शनी में देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि जोधपुर में देश की सभी बड़ी आईआईटी, निफ्ट, आयुर्वेद विश्विद्यालय सहित तमाम संस्थाएं एक साथ हैं, उतनी देश के किसी और शहर में नहीं है। गहलोत ने कहा कि प्रदेश के चहुमुंखी विकास में किसी भी तरह से कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का उद्घाटन किया। विकासशील राजस्थान-उद्यमशील राजस्थान की मुख्य थीम पर केन्द्रित 33वां उत्सव 15 जनवरी तक चलेगा।

गहलोत ने उत्सव में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उत्पादों की जानकारी लेकर हस्तशिल्पियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जोधपुर में पहले रेलों से पानी लाया जाता थाए आज यहां पानी की कमी नहीं है। यहां 65 करोड़ रुपए लागत से सभागार बन रहा है। साथ ही, 680 करोड़ रुपए लागत से फिनटेक इंस्टीट्यूट स्थापित हो रहा है। इन्दिरा गांधी लिफ्ट केनाल के तृतीय चरण में 1400 करोड़ रुपए की पेयजल योजना का काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में औद्योगिक विकास से लेकर हर तरह का विकास हुआ है। इससे विकास का सुनहरा स्वरूप सामने आया है। उन्होंने कहा कि लघु कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प क्षेत्र से जु? कार्यों में जोधपुर ने देश.दुनिया में नाम कमाया है। एमएसएमई एक्ट के अन्तर्गत उद्योगों को रियायतें देने का न्तिकारी काम किया है। हर ष्टि से औद्योगिक विकास और प्रोत्साहन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इन नीतियों को देश में सराहा भी जा रहा है। उन्होंने कहा कि कम संसाधनों के बावजूद भी प्रदेश में हस्तशिल्प क्षेत्र ने प्रगति की है। गहलोत ने कहा कि औद्योगिक विकास की दृष्टि से राजस्थान का सुनहरा भविष्य है। इन्वेस्ट राजस्थान में 11 लाख करोड़ रुपए के एमओयू होने भी शुभ संकेत हैं। औद्योगिक इकाइयों का जाल बिछ रहा है। रिफाइनरी का काम हो रहा है। खजूर, अनार की खेती हो रही है। हर ब्लॉक में रीको के औद्योगिक क्षेत्रों का विकास हो रहा है। इससे इकाइयां बढेंगी, रोजगार के अवसरों में अभिवृद्धि होगी। स्टार्टअप्स और आईटी से युवाओं को फायदा मिलेगा। दिल्ली-मुम्बई कॉरिडोर से व्यवसायियों को फायदा मिलेगा। आने वाले समय में रोहट में बहुत बड़ा औद्योगिक परिक्षेत्र विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान हैप्पीनेस इंडेक्स में आगे है। राज्य में जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के चलते जीडीपी ग्रोथ में भी राज्य देश में दूसरे नंबर पर आ गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 10 लाख तक के निःशुल्क इलाज के प्रावधान से आमजन को राहत मिल रही है। इसमें 5 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा भी शामिल है।

गहलोत ने उत्सव में केन्द्रीय पांडाल, औद्योगिक प्रदर्शनी, विकास प्रदर्शनी, सी.वर्ल्ड, आदिदेव महादेव की प्रतिमा आदि का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों व मॉडल्स आदि की जानकारी लेकर लोगों का हौसला बढ़ाया। आयोजन जोधपुर जिला प्रशासन, जिला उद्योग केन्द्र उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर तथा नोडल एजेन्सी मरुधरा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें लगभग 750 स्टॉल्स स्थापित हैं। इसमें देश के 18 राज्यों से 700 से अधिक हस्तशिल्पी हिस्सा ले रहे हैं।

### आयुक्त ने दी नववर्ष की सौगात

## मानसरोवर सिटी पार्क में मिलेगी गोल्फ कार्ट सुविधा



परिष्कार पत्रिका जयपुर। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने नववर्ष की शुरुआत में सिटी पार्क आने वाले आगंतुकों को पार्क में भ्रमण के लिए गोल्फ कार्ट की सौगात दी। अरोड़ा ने 8 लोगों की बैठक क्षमता वाली 2 गोल्फ कार्ट आमजन को समर्पित करते हुए कहा कि आगंतुक नाम मात्र के शुल्क के साथ पार्क का भ्रमण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों गोल्फकार्ट प्रातः 10 बजे से शाम 9 बजे तक आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगी। कोई भी व्यक्ति सौ रुपए के शुल्क के साथ अधिकतम 30 मिनट तक पार्क का भ्रमण कर सकेगा। आयुक्त ने बताया कि बच्चों, वृद्धजनों, निशक्तजनों और गर्भवती महिलाओं को भ्रमण के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी। गौरतलब है कि अक्टूबर माह में मानसरोवर स्थित मनोहर सिटी पार्क को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आमजन को समर्पित किया गया था।

## प्रताप सेना संतोष नगर ने किया आयोजन

### नव वर्ष एवं नव सदस्यता अभियान का आगाज




परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रताप सेना संतोष नगर के तत्वावधान में नव वर्ष के अवसर पर स्नेह मिलन और नव सदस्यता अभियान का आयाजन किया गया। इस अवसर पर जयपुरवासियों ने प्रताप सेना संतोष नगर का गठन कर प्रतापसिंह खाचरियावास के साथ जुड़ते हुए कांग्रेस की नव सदस्यता ग्रहण की।

प्रताप सेना संतोष नगर के अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं ने जन-जन के नेता प्रतापसिंह खाचरियावास के साथ जुड़ते हुए प्रताप सेना संतोषनगर का गठन किया है। जिसमें मुख्य अतिथि केबीनेट मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, मुनेश गुर्जर महापौर नगर निगम हैरिटेज जयपुर और विशिष्ट अतिथि सुनीता शेखावत स्थानीय पार्षद एवं सैकड़ों महिलाओं-पुरूषों की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खाचरियावास ने सभी सदस्यों को बधाई दी

## आमजन के साथ सेलिब्रिटीज को भी रास आने लगी चौपाटियां

### मौके से ही आवासन आयुक्त को फोन कर गुणवत्ता युक्त स्ट्रीट फूड व व्यवस्थाओं पर दी बधाई




परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई चौपाटी ना केवल आमजन को लुभा रही है बल्कि सेलिब्रिटीज को भी रास आने लगी है। मानसरोवर स्थित चौपाटी पर मशहूर कोरियोग्राफर और फिल्म निर्देशक फरहा खान ने विजिट की और स्ट्रीट फूड का लुफ्त उठाया। उन्होंने कहा कि देशभर में किसी सरकारी संस्था द्वारा इस तरह का नवाचार नहीं देखने को मिला। फरहा खान ने चौपाटी से ही आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को फोन करके ना केवल इस नवाचार के लिए बधाई दी बल्कि गुणवत्ता युक्त स्ट्रीट फूड को भी सराहा। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरीके के प्रयोग अन्य राज्यों की सरकारें भी करें तो बड़ी फूड चेन कंपनी भी देखती रह जाएंगी। आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में आमजन को उनके आसपास के क्षेत्र में गुणवत्ता युक्त स्ट्रीट फूड व मनोरंजन उपलब्ध कराने के जयपुर के प्रताप नगर और मानसरोवर में चौपाटी जैसा नवाचार किया गया है। गौरतलब है कि विगत वर्षों में बुधवार नीलामी उत्सव, ई-बिड सबमिशन एवं ई-ऑक्शन जैसे नवाचारों के जरिये 16 हजार से अधिक अधिशेष सम्पत्तियों के निस्तारण, कोचिंग हब, विधायक आवास, मुख्यमंत्री जन आवास योजना, एआईएस एवं एसएस रेजीडेंसी, जयपुर चौपाटी जैसी परियोजनाओं तथा प्रशासनिक सुधार के सफल प्रयासों के चलते राजस्थान आवासन मण्डल ने नई पहचान कायम कर स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड2022 भी हासिल किया है।

## स्वास्थ्य राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री




परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। आमजन को स्वास्थ्य बीमा देने में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के 90 प्रतिशत लोगों को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कवर किया गया है, जबकि देश में मात्र 41 प्रतिशत लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा है। मुख्यमंत्री रविवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज में राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय दंत चिकित्सक प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ लोगों की अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बड़ी है। इसी क्रम में दंत चिकित्सा का महत्व भी बड़ा है। उन्होंने कहा कि जयपुर डेंटल कॉलेज में अत्याधुनिक सुविधाओं के विकास के लिए 100 करोड़ रूपए का बजट आवंटित किया गया है। साथ ही, जोधपुर में भी डेंटल कॉलेज खुलने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में दंत चिकित्सा में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसके कारण आज प्रदेश में 14 निजी डेन्टल कॉलेज संचालित है। आज हर शहर में उत्कृष्ट डेंटल अस्पताल खुल चुके हैं, जहां अत्याधुनिक तकनीकों से दांतों का इलाज किया जा रहा है। आने वाले बजट में दंत चिकित्सा से संबंधित सभी मांगों का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजस्थान मॉडल स्टेट : गहलोत ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से राजस्थान मॉडल स्टेट बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से आमजन को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है। इस योजना के तहत प्रदेशवासियों के लिए 10 लाख तक का इलाज निःशुल्क कर दिया गया है। लीवर ट्रांसप्लांटए किडनी ट्रांसप्लांटए कोक्लियर इम्प्लांट जैसे अंग प्रत्यारोपण वाले उपचारों में 10 लाख की सीमा समाप्त कर दी गई है एवं सारा खर्चा सरकार वहन कर रही है।

### समर्पण संस्था के समर्पण आश्रय केयर भवन का हुआ शिलान्यास और दानताओं का किया सम्मान

# पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करना नेकी का मार्ग हैं : लक्ष्मण मीना







परिष्कार पत्रिका जयपुर। पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करना नेकी का मार्ग है। समाज की भलाई के लिए काम करने वाले ही धरती को सुन्दर रूप देते हैं।समर्पण संस्था द्वारा प्रस्तावित दादा. पोता निवास वृद्धजनों व निराश्रित बच्चों के लिए बेहतर साबित होगा। उक्त विचार समर्पण संस्था की ओर से आयोजित समर्पण आश्रय केयर भवन शिलान्यास व दानदाता सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्सी विधायक लक्ष्मण मीना ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकार की योजनाओं को जनमानस तक पहुँचाना बहुत महत्वपूर्ण काम है। सामाजिक संस्थाओं को इसके लिए आगे आकर काम करना चाहिये। इससे पूर्व विधायक लक्ष्मण मीना के साथ समर्पण संस्था पदाधिकारियों ने विधिपूर्वक समर्पण आश्रय केयर भवन का शिलान्यास किया। शिलान्यास की पूजा संस्था के मुख्य संरक्षक कमल नयन खण्डेलवाल ने पूर्ण करवायी। दानदाता सम्मान कार्यक्रम की शुरुआत समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल, अंजली माल्या व सुवज्ञा माल्या ने उच्चारित करवाया। संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलत राम माल्या ने संस्था गतिविधियों व आश्रय केयर भवन की जानकारी देते हुए सभी का स्वागत व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निर्माण के लिए सहयोग राशि भेंट करने वाले सभी दानदाताओ को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आई ए एस डॉ बी एल जाटावत व आईएएस ओ पी बैरवा, समाजसेवी एडवोकेट बीपी अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किये। टोंक से आये लोक कलाकार सीताराम ने एक लोकनृत्य प्रस्तुत किया। कवि राम लाल रोशन व गायक रमेश कुमार बैरवा ने गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त अनिल कुमार जैन, सेवानिवृत्त आई एफएस दीप चन्द बैरवा, सेवानिवृत्त आईआर एएस सी एल वर्मा, उप प्रधान सोनिया बैरवा, राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग के अपर आयकर आयुक्त आर के बैरवा, टैक्स सलाहकार संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, पेंशन विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक हीरा लाल बैरवा, बैरवा शिक्षा प्रचार व सहायतार्थ समिति के अध्यक्ष एस के बैरवा, ग्राम पंचायत सिन्दौली की सरपंच पूजा बैरवा, अलाइव आर्ट्स आर्किटेक्टस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आर्किटेक्ट रामप्रसाद लोदिया, कृष्णा कन्स्ट्रक्शन्स कम्पनी के प्रोपराइटर मदन लाल वर्मा, साहित्यकार व समाज सेविका डॉ किरण देवल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान मुख्य संरक्षक जनाब अब्दुल सलाम जौहर ने निर्माण कार्य में सभी से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि अपनी आमदनी का एक भाग समाज की भलाई के लिए खर्च करना चाहिये। मुख्य सलाहकार व पूर्व जिला न्यायाधीश उदय चन्द बारूपाल ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। मंच संचालन आकाशवाणी की एंकर शिवाली गुप्ता ने किया।

### राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार

## 15 जनवरी तक किये जा सकेंगे आवेदन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्य में औद्योगिक विकास एवं आर्थिक उत्थान में सहयोग करने वाले सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यमियों, हस्तशिल्पियों एवं बुनकरों को सम्मानित करने के लिए राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार 2021-222 के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। इन पुरस्कारों के लिए राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के साथ-साथ हस्तशिल्पी एवं बुनकर आगामी 15 जनवरी, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जयपुर ग्रामीण के महाप्रबंधक पी एन शर्मा ने बताया कि पुरस्कार के पात्र उद्यमी, हस्तशिल्पी एवं बुनकर आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की वेबसाइट पर तथा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर से सम्पर्क कर हासिल कर सकते हैं।

Reg. No. : 248/81
Imran Ali (Administrator)
8852009000, 9351780937

**Sanjay Memorial Sr. Sec. School**
17, Janta Nagar, Sodala, Jaipur-302006
Play Group to XIIth [Hindi/ English Medium]
Admission Open
विशेषताएं : विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश, विज्ञान कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी, कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी, सभी नए प्रवेश लेने वाली विद्यार्थियों के लिए फ्री यूनीफॉर्म, स्पोर्टस विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट, पिछले 40 वर्षों से सभी बोर्ड कक्षाओं का 100 प्रतिशत परिणाम

**A.S. MEMORIAL Sec. School**
58, Shanti Nagar, N.B.C. Road Jaipur 6
Mob. 9549036888
Day Boarding
English Medium



Ankit Singh
Director

Your Childs Journey to a Great Future begins here :
Experience Teaching Staff, Spoken English Classes, Personality Development, Memory Tips, Study By Porjectors, Sparate Furniture for every Student, On every Saturday there are Activities, Classes of Yoga, Games of Spelling, Meaning and Interaction with all the Student in English Language, Hygienic and Friendly Environment for Students and Personal Attention is given, Big and Airy Classrooms, Conveyance Facility for every Area.

PRIME TRACK
TRACKON EXPRESS PRODUCT



शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

**Trackon**
Couriers Pvt. Limited
अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -
शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

## सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगी के साथ पूरी टीम को नव वर्ष की ओर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। नव वर्ष पर नए संकल्प लेने और अपने स्वपनों को जीने का आह्वान करते हुए यही कहुंगा कि स्वप्न लेने के बाद झपकी नहीं ले। उस स्वप्न को पूर्ण रूपेण जिएं और अपने पुरूषार्थ पूर्व उस स्वप्न को पूरा करें। असंभव कुछ भी नहीं होता। इम्पोसिबल में भी आई एम पोसिबल छिपा है। आगे बढ़ना हमारी नीयति होती है। स्वयं को ऊपर उठाने में सहायक बनें। समय किसी के लिए रूकता नहीं। समय आपके पीछे रहना चाहिए। सूर्य की तरफ देखने से परछाई पीछे छूट जाती। संकल्प लेकर ही आगे बढ़ सकते हैं। सफलता कभी भी अंतिम नहीं होती और सफलता कभी भी स्थाई नहीं होती है। अपनी पहचान और अपना भविष्य व्यक्ति स्वयं ही बनाता है। दूसरा पहचान नहीं देता। हर व्यक्ति अपने आपको सबसे बेहतर जानता है। आपकी छवि बनने पर कोई दूसरा उसे खराब नहीं कर सकता। क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। सभी में अपार क्षमताएं विद्यमान हैं, उनका पूरा उपयोग करना चाहिए। युवा टीम आगे आए और स्वेच्छा से काम हाथ में लें और काम हाथ में लेकर उसे बेहतर करके दिखाएं। सतत काम में लगे रहिए। काम नहीं करना भी एक सजा होती है। अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। नए वर्ष में नया संकल्प लेकर काम करें। पुरजोर प्रयास करें। समाज में नए चेहरे आगे आएं। स्वच्छता पर ध्यान दें। विकास और सुधार की सोचें। हमें जीवन मे विभिन्न प्रकार के लोग मिलते है, कुछ विद्वान, कुछ संस्कारवान, कुछ चरित्रवान, कुछ शिक्षित, कुछ कानून व हमारे अधिकारों के जानकार, कुछ हमसे कुछ सीखने वाले, कुछ सामाजिक लोग, तो कुछ असामाजिक, चरित्रहीन, अमर्यादित भाषा बोलने वाले, कुछ बेवजह का तर्क ओर वाद विवाद करने वाले, कुछ मुर्ख जो कुछ भी समझना और जानना नहीं चाहते। हमें हर व्यक्ति कुछ ना कुछ सीखाकर जाते है, विद्वान लोग हर किसी से कुछ ना कुछ सीखने का प्रयास करे है, जिन लोगों मे सीखने का जज्बा होता है वो धीरे धीरे अपनी योग्यता, जानकारी, समझ और प्रतिभा को बढा लेते है। जो लोग मुर्ख होते है वो विद्वान से विद्वान लोगो के सानिध्य मे रहने के बाद भी कुछ नहीं सीख पाते। इसलिए कहा है कि ज्ञानी लोग मुर्ख से भी कुछ ना कुछ सीख लेते है, लेकिन मुर्ख लोग ज्ञानियों के साथ रहकर भी अपना जीवन बर्बाद कर लेते है। ऐसे में नव वर्ष में सबकुछ हमें स्वयं को ही तय करना है। जय हिन्द। जय भारत।

# दलित व आदिवासी पंचायतीराज जन प्रतिनिधियों का बजटपर राज्यस्तरीय क्षमतावर्धन व प्रशिक्षण सम्पन्न

**यदि आप सच्चा गांव का विकास चाहते हो तो पंचायतीराज कानून पढे व देश का संविधान पढे : एडवोकेट चन्दा लाल बैरवा**



परिष्कार पत्रिका जयपुर। दौसा में दलित आर्थिक अधिकार आन्दोलन, राज व दलित अधिकार केन्द्र, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में दलित व आदिवसियों के पंचायतीराज जन प्रतिनिधियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन व बजट पर प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। जनप्रतिनधियों को पंचायतीराज के विशेषज्ञ व पंचायतीराज का अनुभव रखने वाले संदर्भ व्यक्ति गोपाल राम वर्मा ने कहा ज्ञान ही ताकत है, जिस जन प्रतिनिधि के पास में पंचायतीराज की जानकारी होगीए वह उतना ही अपने गांव का विकास कर सकेगा। पंचायतीराज जन प्रतिनिधि जितने कानून के जानकार व जानकारी रखेगें उतने ही ताकतवर होगें। आपने बताया कि पंचायतों का मुख्य कार्य पानी की व्यवस्था करना, गांव में साफ-सफाई का प्रबन्धन करना व गांव में रोशनी की उचित व्यवस्था करना है। आपने कहा कि गावं के विकास के लिए ग्राम विकास बजट योजना बनाने से पहले पूरे गांव, मौहल्ले, गलियों का भ्रमण करें तथा सामाजिक मानचित्र तैयार करें समूह चर्चा कर समस्या चिन्हित करें उसके बाद में ग्राम विकास के लिए योजना तैयार करें तथा कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लिखे ताकि कोई महत्वपूर्ण विकास योजना से छुटे नहीं।

हेमन्त मीमरौठ, एडवोकेटए मुख्य कार्यकारी दलित अधिकार केन्द्र, जयपुर ने कहा कि आजादी से पहले गांव के पंच ही निष्पक्ष न्याय करते थे उनसे सभी गांव के लोग यह उम्मीद करते थे कि वो निष्पक्ष भूमिका अदा करेगें उनको पंच परमेश्व कहा जाता था, आजादी के बाद में पंचों की शक्ति या ग्राम पंचायत में आ गई तथा ग्राम पंचायत का सरपंच व पंचों को गांव का विकास करने का व कई प्रकार के अधिकार मिल गये जो आज व कर रहे है। सतीश कुमार, एडवोकेट, निदेशक दलित अधिकार केन्द्र, जयपुर ने कहा कि जनप्रतिनिधि को जनता विकास के लिए चुनती है इसलिए जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है कि वह चुनने के बाद में जनता की समस्या का समाधान करें जो वह वादे कर के आया था उनको पूरा करने का प्रयास करे व जाति, धर्म क्षैत्र आदि से उपर उठ कर गांव का विकास करवाये। आपने कहा कि ग्राम पंचायत के स्तर पर जितने भी सरकारी विभाग है जैसे शिक्षा, आंगनबाडी केन्द्र उप स्वास्थ्य केन्द्र, पटवार भवन, आदि की निगरानी कर सरपंच व वार्ड पंच सुझाव दे सकता है तथा खामी निकलने पर सुझाव व सुधार के लिए दिशा निर्देश दे सकता है। चन्दा लाल बैरवा, राज्य समन्वयक, दलित आर्थिक अधिकार आन्दोलन, राजस्थान ने पंचायतीराज व बजट पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आप लोगों के लिए पंचायतीराज कानून व देश का संविधान रामायण है यदि आप सच्चा गांव का विकास चाहते हो तो पंचायतीराज कानून पढे व देश का संविधान पढे जानकारी प्राप्त कर आप गांव का विकास कर पायेगें। आपने बजट बनाने से पहले वार्ड सभा में वार्ड से सम्बन्धित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव लिखिए उसके बाद में उन प्रस्तावों को ग्राम सभा में प्रस्ताव लेकर अनुमोद कर पंचायती समिति में भेजे पंचायत समिति पूरे ग्राम पंचायतों के प्रस्तावों को जिला विकास परिषद में भेजती है उसके बाद में जिला परिषद उस बजट को ग्रामीण विकास पंचायतीराज विभाग को भेजा जाता है उसके आधार पर बजट पारित किया जाता है। उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत में कुल बजट का 60 प्रतिशत बजट ग्राम विकास में व 40 प्रतिशत बजट मानव विकास में खर्च करना आवश्यक है। सरपंच दलित व जरूरत मंद लोगों को आवासीय पट्टे जारी करें ताकि दलितों को आबादी भूमि का कब्जा मिल सके। आपने राज पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 55 क में ग्राम पंचायत स्तर पर पांच स्थायी समितियों जिनमें प्रशासन और स्थापना समिति, वित और कराधान समिति, विकास और उत्पादन समिति शिक्षा समिति, सामाजिक सेवाऐं व सामाजिक न्याय समिति के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला व इनके महत्व समझाया।

सुनीता देवी बैरवा एडवोकेट, दलित अधिकार केन्द्र, दौसा ने अनुसूचित जाति उपयोजना व जनजाति उपयोजना पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यह राज्य में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के समुचित विकास के लिए सरकार ने अप्रेल 2022 में अनुसूचित जाति/जनजाति विकाश कोष अधिनियम 2022 कानून लागू कर दिया है। इससे प्रदेश में दलितों की स्थिति में सुधार होगा। इसी क्रम में तेलांगना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड जैसे राज्यों ने अपने राज्य में इन उपयोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वन के लिए कानून बनाया है ताकि उपरोक्त वर्गो का चहुंमुखी विकास हो सके। इसके लिए राजस्थान के सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं ने प्रयास किया व कानून बन गया अब हमारा प्रयास है कि इस पर नियम बने ताकि कानून की सार्थकता साबित हो। द्रोंपदी जोनवाल, प्रेरक, दलित आर्थिक अधिकार आन्दोलन, राजस्थान ने कहा कि देश के विकास के बिना देश का विकास सम्भव नही है, इसलिए पंचायती राज जनप्रतिनिधियों को अपनी ताक पहचान कर गांवों का विकास करे आने वाली पीढियां आपको याद करती रहेगी।

प्रशिक्षण शिविर में अलवर, अजमेर, भरतपुर व दौसा जिले के जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच व वार्ड पंच 60 जनजप्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

## निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया




परिष्कार पत्रिका जयपुर। पिछले 8 वर्षों से मानव कल्याण एवं परोपकार के कार्य कर रही नारायण मानव सेवा समिति द्वारा रीको कांटा मानसरोवर, पुष्पेंद्र भारद्वाज कार्यालय पर निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जरूरतमंद लोगों को निशुल्क नजर के चश्में एवं दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमोहन चहेता ने बताया कि 52 महिला/पुरुषों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया एवं 86 लोगों को नजर के चश्मे उपलब्ध करवाए गए। शिविर में मुख्य अतिथि सांगानेर विधानसभा के लोकप्रिय जनसेवक पुष्पेंद्र भारद्वाज रहे।

## डॉ संजीव कुमार को डॉ हरिवंशराय बच्चन सम्मान से नवाजा




परिष्कार पत्रिका जयपुर। पं जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के चेयरमैन और वरिष्ठ गीतकार इकराम राजस्थानी ने कहा है कि साहित्य ही समाज और संस्कृति को जीवित रखेगा। किताबें समय की धड़कन हैं और इन्हीं में हमारी तहजीब सांस लेती है। कलम ही समाज को दिशा देती है। इकराम राजस्थानी राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी और राही सहयोगी संस्थान के तत्वावधान में इंडिया नेट बुक्स द्वारा प्रकाशित 6 पुस्तकों के लोकार्पण एवं प्रतिष्ठित कवि, संपादक, विधिवेश्रा एवं प्रकाशक डॉ संजीव कुमार को डॉ हरिवंश राय बच्चन साहित्य सम्मान अर्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज ने कहा कि सभ्यता और संस्कृति मानव समाज के विकास की सतत प्रक्रिया है। साहित्यकारों का काम उसमें नया जोड़ने का होता है। साहित्यकार का काम जीवन को पढ़ने और समाज की संवेदनशीलता को जीवित रखने का है। वरिष्ठ कवि डॉ संजीव कुमार और अन्य साहित्यकार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहे हैं।

## सैटबैक में किए गए अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-04 सरस्वती नगर में पूर्व में छोड़े गए अग्र सैट बैक को कवर करते हुए जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के जीरों सेटबैक पर निकाले गए निर्माणाधीन 02 पिल्लर इत्यादि अवैध निर्माण का प्रारम्भिक स्तर पर ध्वस्तीकरण। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-04 के क्षेत्राधिकार में सरस्वती नगर जयपुर में स्थित भूखण्ड संख्या ए-65 व ए-66 के भू-स्वामी द्वारा पूर्व में छो? गए अग्र सैट बैक को कवर करते हुए जेडीए के बिना अनुमति स्वीकृति के जीरों सेटबैक पर निकाले गए करीब 15 फीट उंचाई के 02 पिलरों का निर्माण किये जाने का अवधान में आने पर 30/12/2022 को धारा-32, 33 जेडीए अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रूकवाया गया तथा अवैध निर्माण हटवाने हेतु पाबंद किया गया। अवैध निर्माण नहीं हटवाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर निर्माणाधीन 02 पिलरों इत्यादि का प्रारम्भिक स्तर पर ही 5/1/2023 को जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा लोखण्डा, जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

## जेडीए ने अवैध व्यावसायिक गतिविधियां संचालन करने पर की कार्यवाई

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05 के क्षेत्र में शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में मुख्य अभियुक्तों द्वारा संचालित अधिगम कोचिंग इन्स्टीट्यूट बिल्डिंग पर अवैध निर्माण, रोड सीमा पर किए गए अवैध अतिक्रमण, अवैध व्यावसायिक गतिविधियां संचालन पर परीक्षण कर विधिक कार्यवाही की गई। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण के मुख्य अभियुक्तों द्वारा संचालित कोचिंग इन्स्टीट्यूट अधिगम गुर्जर की थड़ी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर का अवधान में आने पर मौके पर मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन व अतिरिक्त आयुक्त पीआरएन के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन, राजस्व व तकनीकी टीम ने मौका निरीक्षण-परीक्षण कर संबंधित को आवासीय कॉलोनी के दो आवासीय भूखण्डों पर भवन विनियमों का उल्लंघन कर बने अवैध निर्माण संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के संबंध में 32 जेडीए एक्ट के अन्तर्गत तथा रोड़ सीमा पर अवैध अति मण.निर्माण के संबंध में 72 जेडीए एक्ट के अन्तर्गत नोटिस जारी कर 72 घण्टे के अन्दर जवाब-पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पाबन्द किया गया है। जेडीए द्वारा निर्धारित समयावधि में संबंधित का जवाब-पक्ष प्राप्त होने पर विधिक परीक्षण कर तदनुसार प्रवर्तन संबंधी प्रभावी विधि सम्मत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### समर्पण संस्था ने देने की कला विषय पर व्याख्यान आयोजित किया

# शांति, खुशी व संतोष की कुंजी है देने की कला : आर्किटेक्ट डॉ दौलतराम माल्या






परिष्कार पत्रिका जयपुर। शांति खुशी व संतोष की कुंजी देने की कला में है। संपूर्ण प्रकृति दान स्वरूप है यह हमें देने के लिए बाध्य करती है। इंसान लेन देन का यंत्र मात्र है हम इसलिए लेते हैं कि दे सकें हम जितना अधिक देते हैं उससे कई ज्यादा वापस भी पाते हैं। प्रकृति के इस नियम के विरुद्ध इंसान जितना चलता है उतना ही दुःखी होता है। उक्त विचार समर्पण संस्था की ओर से देने की कला विषय पर आयोजित व्याख्यान में संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलत राम माल्या ने व्यक्त किये।

डॉ माल्या ने एक पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा बताया कि एक कमरे की जितनी जल्दी हम हवा बाहर निकालेंगे इतनी जल्दी वापस बाहर की हवा से भर जाएगा। दरवाजे व खिड़की बंद कर लें तो अंदर की हवा अंदर ही रहेगी और वह हवा दूषित, गंदी बन जाएगी। इंसान जो कुछ लेता है उसके बदले में वापस की चाहत रखता है। बिना चाहे कोई देना शुरू कर दे तो अपने आप हजार गुना होकर वापस लौटता है। इंसान आनंद व प्रेम की चाहत तो रखता है लेकिन उसे बांट्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि सृष्टि की रचनहार ने हमारी रचना ही इस प्रकार की है कि हम दूसरों के काम आ सके। जैसे हम खुद को गले नहीं लगा सकते, अकेले खुश नहीं रह सकते, अकेले मुस्कुरा नहीं सकते। खुशी हो या गम जन्म से आखरी तक हमें दूसरों की जरूरत पड़ती है। डॉ माल्या ने अंत में कहा कि ..

अपने दुःख में रोने वाल, मुस्कुराना सीख ले।
औरों के दुख दर्द में आंसू बहाना सीख ले।
जो खिलाने में मजा है, आप खाने में नहीं।
जिंदगी में तू किसी के काम आना सीख ले।

इस अवसर पर संस्था सदस्यों की एक मीटिंग का आयोजन सेवानिवृत्त आइएएस डॉ बीएल जाटावत की अध्यक्षता में किया गया। डॉ जाटावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि देने की कला जीवन का अनछुआ पहलू है। जिसकी आज विस्तार से व्याख्या की गई। जीवन में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत स्वास्थ्य होता है। और उसके बाद समाज के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना जरूरी है। मीटिंग में संस्था पदाधिकारियों ने वर्ष 2023 में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तिथिवार रूपरेखा तैयार कर उसके एक पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक केएन खंडेलवाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में परिष्कार पत्रिका की प्रधान सम्पादक हेमलता किरार भी उपस्थित होकर डॉ माल्या को जीवन के इस अनछुए पहलु देने की कला के व्याख्यान पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रकट की। मंच संचालन वॉइस ओवर आर्टिस्ट और आरजे नवदीप सिंह ने किया।

## डॉ गोपाल जोगे ने शिव दृश्य स्वरूपों का प्रतिमाशास्त्र के लक्षणों की दृष्टि से ऐतिहासिक विश्लेषण किया

**समसामयिक धार्मिक आस्थाओं के गूढ़ निहितार्थों को कलावशेषों के विश्लेषण द्वारा उजागर किया जा सकता है।'**



परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर म्यूजियोलॉजी एण्ड कन्जर्वेशन तथा हेरोडोटस सोसायटी, इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभिक शैव धर्म की कलात्मक अभिव्यक्ति पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। पुरातत्व विशेषज्ञ, डेकन कॉलेज, पुणे के व्याख्याता, डॉ. गोपाल जोगे ने शिव के दृश्य स्वरूपों का प्रतिमाशास्त्र के लक्षणों की दृष्टि से ऐतिहासिक विश्लेषण किया।

विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता शर्मा ने रेखांकित किया कि समसामयिक धार्मिक आस्थाओं के गूढ़ निहितार्थों को कलावशेषों के विश्लेषण द्वारा उजागर किया जा सकता है। केन्द्र निदेशक डॉ. नीकी चतुर्वेदी ने बताया कि धर्मों के विकास के इतिहास के सन्दर्भ में पुरातात्विक साक्ष्य एक ज्ञातव्य और नवीन तथ्य प्रदान करते हैं। सहायक निदेशक तमेघ पंवार के अनुसार पुरातत्व और विशेष तौर पर धार्मिक विषयों के अध्ययन में तकनीकी व वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण आवश्यक है। संयोजिका जिज्ञासा मीना ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्यान में लगभग 150 शिक्षक और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## वीर तुम अड़े रहो, राजाई में पड़े रहो...

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

वीर तुम अड़े रहो,
रजाई में पड़े रहो.....
चाय का मजा रहे,
पकौड़ी से सजा रहे
मुंह कभी रुके नहीं,
रजाई कभी उठे नहीं
वीर तुम अड़े रहो,
रजाई में पड़े रहो.....
बीवी की लताड़ हो
बच्चों की दहाड़ हो
तुम निडर डटो वहीं,
रजाई से उठो नहीं
वीर तुम अड़े रहो,
रजाई में पड़े रहो
मुंह गरजते रहे,
डंडे भी बरसते रहे
भाभी भी भड़क उठे,
चप्पल भी खड़क उठे
वीर तुम अड़े रहो,
रजाई में पड़े रहो.....
प्रातः हो कि रात हो,
संग कोई न साथ हो
रजाई में घुसे रहो,
तुम वही डटे रहो
वीर तुम अड़े रहो,
रजाई में पड़े रहो.....
एक रजाई लिए हुए
एक प्रण किए हुए
अपने आराम के लिए,
सिर्फ आराम के लिए
वीर तुम अड़े रहो,
रजाई में पड़े रहो.....

(रजाईधारी सिंह सोश्यल मीडिया से)

### राजस्थान धानका महासभा जोधपुर की प्रथम जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट 2023

# फाइनल में श्याम क्लब ने जीती विजेता ट्रॉफी







परिष्कार पत्रिका जोधपुर। राजस्थान धानका महासभा जोधपुर के प्रथम जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट-2023 का उद्घाटन करते हुए राजस्थान सरकार की राज्यमंत्री बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनिवाल ने बैटिंग कर किया मैच का शुभारम्भ। शानदार बैटिंग करते हुए संगीता बेनिवाल ने महासचिव लक्ष्मीकांत गहलोत की बॉल पर लगाया शानदार शॉट खेला। धानका महासभा के महासचिव लक्ष्मीकांत गहलोत ने बताया कि युवाओं को खेल-कूद में विकसित करने की विशेष पहल करते हुए दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया गया। राज्यमंत्री संगीता बेनीवाल के पधारने पर महासभा अध्यक्ष एवं पार्षद सुभाषचंद्र धानका ने आगवानी करते हुए स्वागत किया। महासचिव लक्ष्मीकांत गहलोत ने साफा पहनाया, युवा अध्यक्ष मेहरसिंह निर्वाण एवं देवकरण ड़ाबला ने माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। राजस्थान धानका महासभा जोधपुर प्रथम क्रिकेट टूर्नामेन्ट 2023 के फाइनल में मुख्य अतिथि शहर विधायक मनिषा पवांर, प्रतिपक्ष नेता नगर-निगम दक्षिण गणपत सिंह चौहान, सूरसागर विधायक प्रत्याशी अयूब खान, समाजसेवी नेमीचन्द जीनगर ने टीम को दी विजेता ट्राफी।

राजस्थान धानका महासभा जोधपुर के महासचिव लक्ष्मीकांत गहलोत ने बताया कि प्रथम क्रिकेट टूर्नामेन्ट 2023 के फाइनल में समाज सेवी नेमीचन्द जीनगर ने दोनों टीमो का टॉस करवा कर शुरुआत की अध्यक्ष सुभाषचंद्र धानका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह मौर्य, देवीसहाय कायत ने साफा माला मोमेंटो देकर नेमीचन्द का स्वागत किया एवं दोनों टीमो को धानका महासभा द्वारा टीशर्ट प्रदान कर मैदान मे उतारा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर विधायक मनिषा पवांर को महिला अध्यक्ष रेखा किराड़ ने माला खेल मंत्री संदीप मावर ने साफा, अध्यक्ष सुभाषचंद्र धानका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह मौर्य महासचिव लक्ष्मीकांत गहलोत ने मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथियों मे कैलाशचन्द्र निर्वाण, धर्मनारायण पचेरवाल, नवर कायत, रेखा राणा, पुखराज सारण, दीपक कनोजिया, प्रेम नारायण मौर्य, मदनलाल निर्वाण, हीरालाल मावर, हीरालाल बीजावत, फोटोग्राफर विशाल पवांर, हिमांशु मावर, समाजसेवी रघुनाथ सिंह निर्वाण, प्रधान राजु खर्रा, रमेश बिजावत को धानका महासभा जोधपुर ने माला, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। करण सिंह निर्माण, सुखदेव परमार, राजू मावर, डीजे सहयोगी उदय सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मौर्य क्लब वर्सेस श्याम क्लब के बीच खेला गया। जिसमें श्याम क्लब ने पहले बैटिंग करते हुए 165 रन का लक्ष्य दिया। मौर्य क्लब ने बैटिंग करते हुए 158 रन बनाएं। श्याम क्लब ने यह मैच 7 विकेट से जीता प्रतियोगिता के मैन ऑफ द सीरीज श्याम क्लब के कैप्टन सोनू पवार रहे। कार्यक्रम के अंत में लक्ष्मीकांत गहलोत ने सभी को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया।


# परिष्कार मैरिज ब्यूरो

## वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएलबी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किरार, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खर्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय 10वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मावर, चौरा। पो.बा. 504, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है बीए, एलएलबी मांगलिक लड़के जन्म 1989 के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः लौंगवर्षा, कठेरिया। पो.बा. 396, सम्पर्क करें 9598170777, 8177050282, 9314407796

------------

## वर चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 405, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, कटारिया, इन्दौरिया। पो.बॉ. बी-24 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, दैराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796 ------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 28 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, कायथ, तुर्किया पो.बॉ. 356, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

बात बाजार की

बैंक ऑफ महाराष्ट्र जयपुर अंचल

# ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन









परिष्कार पत्रिका जयपुर। बैंक ऑफ महाराष्ट्र जयपुर अंचल ने 30 दिसंबर 2022 को जयपुर शहर में कस्टमर आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। कस्टमर आउटरीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस नरेश कुमार ठकराल, सचिव व्यय, राजस्थान सरकार एवं विशिष्ट अतिथि आशीष पाण्डेय कार्यपालक निदेशक बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं संतोष दुलड़ अंचल प्रबंधक थी।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि नरेश कुमार ठकराल, सचिव व्यय राजस्थान सरकार, बैंक के कार्यपालक निदेशक आशीष पाण्डेय, अंचल प्रबंधक संतोष दुलड एवं विशिष्ट अतिथियों ने ने दीप प्रज्वलित करके की। कार्यक्रम में ग्राहकों, सरकारी अधिकारियों, प्रतिष्ठित बिल्डरों, उद्यमियों, चार्टर्ड काउंटेंट्स एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों के अन्य पेशेवरों से भेंट करने के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक आशीष पांडेय भी उपस्थित थे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र सदैव खुदरा एवं एमएसएमई क्षेत्र को सहायता प्रदान करने के लिये तत्तपर रहा है। कार्यक्रम के दौरान सरकारी विभागों के साथ-साथ विभिन्न खुदरा और एमएसएमई ग्राहकों को लगभग 1300 करोड़ की ऋण स्वीकृति दी गई। कार्यपालक निदेशक आशीष पांडेय ने सभी उपस्थितों के बीच बैंक ऑफ महाराष्ट्र की विकास यात्रा एवं विभिन्न क्षेत्रों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा की गई पहलों एवं उपब्धियों के बारें में जानकारी दी गई।

अंचल प्रबंधक संतोष दुलड ने उपस्थित गणमान्यों का स्वागत करने के पश्चात उन्हें बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे एमएसएमईए आवास, वाहन एवं विभिन्न पेशेवरों के लिए अनुकूलित अन्य विशिष्ट योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और जयपुर शहर में इस तरह की बैठक आयोजित करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र का आभार व्यक्त किया। उप अंचल प्रबंधक मुकेश शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए सभी प्रतिभागियों और उपस्थित गणमान्य उपभोक्ताओं और मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

जयपुर में वीटी रोड़ मानसरोवर में इंडियन बैंक की 35वीं शुभारंभ हुआ

# प्रबंध निदेशक ने किया इंडियन बैंक की नई शाखा का उद्घाटन




परिष्कार पत्रिका जयपुर। इंडियन बैंक द्वारा वी टी रोड़, मानसरोवर में जयपुर क्षेत्र की 35वीं शाखा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शांति लाल जैन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी इंडियन बैंक ने 35वीं शाखा मानसरोवर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रविंद्र सिंह क्षेत्र महाप्रबंधक नई दिल्ली एवं शशि रंजन गिरी अंचल प्रबंधक जयपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर गणमान्य ग्राहकों को भी आमंत्रित किया गया। इंडियन बैंक वी टी रोड़ शाखा मानसरोवर में स्थित है जो एशिया की सबसे बड़ी आवासीय कॉलोनी है। यह जयपुर का उभरता हुआ क्षेत्र है जहां कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान, शिक्षण संस्थान, अस्पताल, विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यालय एवं आवासीय परिसर स्थित है जहां खुदरा एम एस एम ई क्षेत्र हेतु अपार संभावनाएं हैं। शांति लाल जैन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने उपस्थित ग्राहकों को विश्वास दिलाया कि वी टी रोड़ शाखा में ग्राहकों हेतु उच्च गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा सभी डिजिटल चैनलों के साथ उपलब्ध रहेगी। शाखा प्रबंधक शक्ति सिंह ने भी उपस्थित सभी ग्राहकों को आभार और धन्यवाद प्रकट किया।



## कैथलीनो आई फाउंडेशन ने जारी किया कलैण्डर



परिष्कार पत्रिका जयपुर। कैथलीनो आई फाउंडेशन जयपुर के तत्वावधान में नव वर्ष के अवसर पर फाउडेंशन के अध्यक्ष माइकल कैथलीनों ने 2023 वर्ष का कलैण्डर का जारी करते हुए सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर परिष्कार पत्रिका के सम्पादक रविसिंह किरार, मेडिन एज से रविमुद्गल सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

जयपुर इंटर नेशनल फिल्म फस्टिवल में

# हू एम आई को मिला सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का अवार्ड



परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जेआईएफएफ 2023 में राइट क्लिक प्रोडक्शन की फिल्म हू एम आईश् कोअहम को बेस्ट फीचर फिल्म के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में रेड कार्पेट ओपनिंग सेरेमनी एन्ड अवार्ड सेरेमनी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर हूं एम आई के डायरेक्टर शिरीष खेमरिया ने सुप्रसिद्ध एजुकेशनिशट जयश्री पालीवाल के हाथों से अवॉर्ड ग्रहण किया। इस दौरान हू एम आई की पूरी टीम मौजूद थी। फिल्म के प्रोड्यूसर शिरीष प्रकाश, मुख्य एक्टर अभिनेता चेतन शर्मा और ऋषिका चांदनी के अलावा फिल्म के क्रिएटिव एडवाइजर डॉ आलोक प्रकाश और एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर डॉ हेमेंद्र शर्मा मौजूद थे।

फिल्म के क्रिएटिव एडवाइजर डॉ आलोक प्रकाश ने बताया की पांच दिन तक चलने वाले इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हू एम आई 9 जनवरी को जीटी सैंट्रल स्थित आयनॉक्स में स्क्रीनिंग की जाएगी। और 27 जनवरी को देशभर में रिलीज होगी। फिल्म के डायरेक्टर शिरीष खेमरिया ने बताया कि नर्मदा के तट पर आधारित 124 मिनट की उनकी फिल्म सदियों पुराने प्रश्न को अह को भारतीय दर्शन के दृष्टिकोण से देखने का प्रयास करती है। उन्होंने बताया कि हू एम आई अब तक लंदन, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, स्पेन, कनाडा, इस्राइल और जर्मनी के प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में प्रदर्शित हो चुकी है या फिर स्क्रीनिंग के लिए चयनित की जा चुकी है, जहां इसे तारीफ के साथ-साथ कई पुरस्कारों से भी नवाजा गया है। इसके साथ ही फिल्म को 16 आईएफएफ जयपुर और कोलकाता कल्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी काफी सराहा गया था। इसके अलावा चंडीगढ़ फिल्म फेस्टिवल में भी बेस्ट स्टोरी के लिए अवार्ड से नवाजा गया।

## परमगुरू का 251वां प्रकट महोत्सव 22 व 23 जनवरी को गोविन्दपुरा में



परिष्कार पत्रिका जयपुर। आध सक्रत स्वराज करुणेश कैवल त्वं नमामि ज्ञान संप्रदाय कायम पंथ सत्संग समिति के तत्वावधान में 22 एवं 23 जनवरी को ज्ञान संप्रदाय कायम पंथ के आध स्थापक, कैवलवेता, सकर्ता सर्जनहार के परमविशेष अंश, कुवेर स्वामी दिव्य परमगुरु श्रीमत् करुणासागर भगवान का 251वां दो दिवसीय प्रगट महोत्सव माहबीज बडे धूमधाम से सत कैवल सत्संग आश्रम शिक्षा सागर कॉलोनी, गोविंदपुरा सांगानेर जयपुर में मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मुकेश इंदौरा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूज्य गुरुजी नानकदास महाराज के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर सभी संत-महंत, भक्त जन, गुरुभाई एवं आम समाज बंधु को आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने बताया कि ज्ञान संप्रदाय कायम पंथ के सबसे बड़े पावन पर्व पर आप सभी परिवार के साथ समय पर पधारकर सत्संग व संपूर्ण कार्यक्रम का लाभ ले तथा भगवान करुणासागर का आशीर्वाद प्राप्त करें।

दो दिवसीय कार्यक्रम में 22जनवरी को रात्रि में सत्संग व 23जनवरी को प्रातकाल उपासना के साथ परमगुरु के दिव्य जीवन आधारित कथा होगी तथा कैवल धुनों के साथ सारा दिन संगीतमय होगा। उसके बाद 251 दीपों के साथ भव्य महाआरती होगी एंव भोजन प्रसादी के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## नववर्ष स्नेह मिलन का आयोजन किया



परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रांतिय धानका जनजाति विकास परिषद जयपुर की ओर से नववर्ष मिलन समारोह 2023 सोडाला शिव मंदिर गली नंबर 4 पर संपन्न हुआ जिसमें परिषद के सामूहिक विवाह के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात परिषद की आम सभा में 12 मार्च 2023 को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के बारे में चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कानूनी सलाहकार मंत्री चरण सिंह देराण ने बताया कि शादी योग्य लडका एवं लडकी के आईडी प्रुफ पूरे होने चाहिए तथा उम्र का सर्टिफिकेट जरूरी है। सम्मेलन में 18 वर्ष की लड़की व 21 वर्ष का लड़का होना अनिवार्य है। सभी पदाधिकारियों सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए एवं आगे की रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर मुख्य रहे अध्यक्ष नाथूलाल देराण, महामंत्री प्रकाश खनगवाल, कोषाध्यक्ष राम गोपाल गहलोत, उपकोषाध्यक्ष विष्णु कटारिया, संयुक्त मंत्री रमेश कुमार मुन्दडिया, अमित निर्वाण, सांवरमल धानका शंकरलाल मोरवाल, रामरतन लुगरिया, दौलत सिंह, रमेश कटारिया सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर नए सदस्यों को फूल गुलदस्ते देकर स्वागत किया एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 मार्च को अजमेर में

**51 जोड़े के लक्ष्य के साथ तैयारियां**

परिष्कार पत्रिका अजमेर। लक्ष्य मानवता सेवा संस्थान एवं हिंद सेवा दल के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 19 मार्च 2023 को 5वां सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारियों हेतु एक बैठक दल के अध्यक्ष आर के महावार की अध्यक्षता में रविवार को मध्यान्ह 1.30 गांधी भवन पर आयोजित की जाएगी। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि समय, धन एवं अपव्यय की बचत करने के लिए सभी जातियों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा हैं। इसकी व्यवस्था हेतु सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही अन्य कार्यों के लिए इंतजाम के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में 51 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है।

## नव वर्ष के अवसर पर पोषबड़ों का आयोजन



परिष्कार पत्रिका जयपुर। पौष शुक्ल पक्ष माह में श्री धानकेश्वर शिव हनुमान मंदिर मदरामपुरा बायपास डिग्गी रोड पर पौष बड़ों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों को दोना प्रसादी वितरित की। पोषबडा कार्यक्रम में सांवरमल धानका, लाला लुगरिया, नरेश धानका, ललित लुगरिया, दीपक सिंह, कर्णसिंह ने सहयोग करते हुए अपनी सेवाएं दी।

## संत जेवियर स्कूल में क्रिसमस के अवसर पर स्नेह मिलन का आयोजन



परिष्कार पत्रिका जयपुर। क्रिसमस के अवसर पर 27 दिसम्बर को संत जेवियर स्कूल सीस्कीम के जूनियर हॉल में स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुनेश गुर्जर महापौर जयपुर नगर निगम हैरीटेज थी। कार्यक्रम में सर्वधर्म के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर प्यार और एकता और समरसता का पैगाम दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में केथलीनों आई फाउडेंशन के माइकल कैथलीनों भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने केक से मूंह मीठा किया।

कामयाबी ज्ञान एवं पढ़ाई से ही संभव है, युवा ज्ञान पुस्तकों से बढ़ावें

# जैसेलमेर जिला पुस्तकालय में हुआ 80 लाख रूपए के नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य का लोकापर्ण



परिष्कार पत्रिका जयपुर। उच्च शिक्षा विभाग, भाषा एवं पुस्तकालय राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव एवं जैसलमेर विधायक रूपाराम धनदे ने अदाणी फाउण्डेशन द्वारा 80 लाख रुपये लागत से राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय में करवाए गए नवीनीकरण एवं सौन्दर्यकरण कार्य का फीता काटकर अवलोकन किया। इस मौके पर जिला कलक्टर टीना डाबी, पुलिस अधीक्षक भंवर सिंह नाथावत, नगर परिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, बीसूका उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर, राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजना मेघवाल भी उपस्थित थे। भाषा एवं पुस्तकालय व उच्च शिक्षा मंत्री यादव ने अदाणी फाउण्डेशन द्वारा जिला पुस्तकालय के नवीनीकरण कार्य कराने के लिए वाईस प्रेसिंडेंट आलोक चतुर्वेदी एवं अदाणी ग्रुप को धन्यवाद देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो पुनित कार्य किया है, उससे जैसलमेर के युवाओं को उच्च शिक्षा अर्जित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य को कामयाबी ज्ञान व पढ़ाई से ही सम्भव है इसलिए युवाओं से आह्वान किया कि वे इस जिला पुस्तकालय में संग्रहित पुस्तकों के भण्डार से ज्ञान अर्जित कर उच्च पदों को प्राप्त करें एवं जिले का नाम रोशन करे। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का खजाना है एवं हमें इसका पूरा उपयोग करना चाहिए। जैसलमेर विधायक रूपाराम धनदे ने अदाणी फाउण्डेशन को जिला पुस्ताकालय में करवाए गए जीर्णोद्धार व नवीनीकरण कार्य कराने के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि जिला पुस्तकालय अध्ययन का बहुत बड़ा केन्द्र है एवं हर विद्यार्थी आज के प्रतियोगी युग में पुस्तकें खरीद कर नहीं पढ़ सकता है इसलिए ऐसे पुस्तकालय से उन्हें हर विषय की पुस्तकों को पढ़ने का अवसर मिलेगा एवं जिले के युवा शिक्षा के क्षेत्र में आगे आएंगे। नगर परिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला ने कहा कि यह जिला पुस्तकालय बहुत ही प्राचीन है और यहां पर बहुत ही दुर्लभ साहित्यों का संग्रहण है। उन्होंने अदाणी ग्रुप द्वारा पुस्तकालय को जो आधुनिक रूप दिया है उसके लिए वे बधाई के पात्र है। बीसूका उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस पुस्तकालय का प्रतियोगी परीक्षा के लिए नियमित रूप से अध्ययन करावें ताकि वे उच्च पदों को प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन कर सके।

## ए एस मेमोरियल सैकण्डरी विद्यालय में मनाया क्रिसमस का त्यौहार





परिष्कार पत्रिका जयपुर। क्रिसमस दिवस के अवसर पर ए एस मेमोरियल सैकण्डरी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांता ने सभी बच्चें को टॉफी और उपहार दिए। विद्यालय के निदेशक अंकित सिंह ने बताया कि विद्यालय में विभिन्न अवसरों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इससे बच्चें को सभी धर्मों की जानकारी होती है और उनमें उत्साह का संचार होता है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सदस्य गीता शर्मा, पूनम गुप्ता, अर्चना गुप्ता, ममता जैन, सीमा पालीवाल, रतना कुमारी, सोनू सैनी, दर्शना शर्मा, सुशीला भट्ट, मनीश शर्मा, कनीज खान सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बच्चों के संग चित्रकला प्रतियोगिता से दिया स्वच्छता का संदेश



परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम ग्रेटर और सीफर संस्था के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत सफाई और स्वच्छता की जागरूकता के लिए स्कूली बच्चों के लिये चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय पर किया गया। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रश्मि कांकरिया ने बताया कि चित्रकला कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन कर संबोधित किया तथा बच्चों के माध्यम से लोगों को सफाई से जुडे मुद्दों पर जागरूकता का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चों के माध्यम से जनता को कचरे के सही निपटान और स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के बारे में जागरूक किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक घरों में कचरे का सेग्रिगेशन एवं पुनः उपयोग करने के उपाय समझाए जा सके। उन्होंने बताया कि चित्रकला कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों और शहर में आये पर्यटकों को सफाई के मुद्दों पर जानकारी दी गई और बच्चों के द्वारा बनाये गये चित्रों और स्वच्छता के नारों के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने के लिए एक संदेश पूरे शहर को मिला। उन्होंने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा स्वच्छता के संबंध में बनाये गये चित्रों में से सर्वश्रेष्ठ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का चयन कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में अधिशाषी अभियंता मनोज शर्मा, सहायक अभियंता राजेश कुमार मीना, राजस्व निरीक्षक मनमोहन आचार्य सहित निगम कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय जीवन बीमा निगम ने प्लान 858 को संशोधित किया

परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम ने 5 जनवरी 2023 से एलआईसी न्यू जीवन शांति प्लान संख्या 858 की वार्षिकी दरों में वृद्धि कर संशोधित किया है। बढ़ी हुई वार्षिकी दरों के साथ इस योजना का संशोधित संस्करण 5 जनवरी 2023 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। उच्च क्रय मूल्य के प्रोत्साहान में भी वृद्धि की गयी है। यह रू 3/- से रू 9.75/- प्रति रू 1000/- क्रय मूल्य और चुने गए आस्थगित अविध के आधार पर होता है। यह एक एकल प्रीमियम योजना है जिसमें पॉलिसीधारक के पास एकल जीवन और संयुक्त जीवन आस्थगित वार्षिकी के बीच चयन करने का विकल्प है। यह योजना काम करने वाले और नियोजित पेशेवरों के लिए तैयार की गई है। जो एक आस्थगित अविध के बाद भविष्य की नियिमत आय की योजना बनाना चाहते है। यह योजना उन लोगों के लिए भी उपयुक्त है जिनके पास निवेश के लिए अतिरिक्त पैसा है। आस्थगित वार्षिकी योजना होने के कारण युवा पेशेवर कम उम्र से ही अपनी सेवानिवृत्ति की योजना बना सकते है। पॉलिसी की शुरूआत में वार्षिकी दरों में गारंटी दी जाती ळेऔर वार्षिकियां आस्थगित अवधि के बाद वार्षिकीग्रही पूरे जीवनकाल में देय होती है।

## नव विचारों एवं नव संभावनाओं के साथ नववर्ष 2023 के आगमन पर समाज एकता में कार्यक्रम



परिष्कार पत्रिका दिल्ली। दिल्ली की रामा विहार कालोनी में विभिन्न क्षेत्रों से धाणका समाज बंधुओ ने उपस्थित होकर एकता का परिचय दिया तथा नववर्ष 2023 का स्वागत किया। साथ ही भाईचारे को बनाए रखने का संदेश दिया। उपस्थित समाज बंधुओं ने समाज हित के अनेकों विषयों पर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता छोटेलाल डाबला वरिष्ठ पंच ने की।

विचार विमर्श के दौरान मंगोलपुरी दिल्ली पंचायत के विषयों पर भी विचार हुआ। 25 दिसम्बर 2022 को एन-ब्लाक शिव मंदिर प्रांगण में जो निर्णय दिल्ली प्रदेश के भाईयों द्वारा किया गया था उसे क्षेत्रीय पंचायत व क्षेत्रीय भाइयों का विषय मानते हुए उस निर्णय को निरस्त व बेअसर तथा अस्वीकार करने का निर्णय आज उपस्थित समाज बंधुओं के द्वारा सर्वसम्मति लिया गया। इस कार्यक्रम में जो समाज बंधु उपस्थित हुए और धाणका समाज एकता का परिचय दिया। आयोजकों ने सभी का रामा विहार कालोनी दिल्ली में ह्रदय कि गहराईयों से धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य छोटेलाल डाबला, छोटलाल अटकाण, हरलाल निर्वाण, पूरण तुर्कीया, मंगलसैन खनगवाल, डालू राम खर्रा, रूप चंद इंदोरा, बीरबल डाबला, राम नारायण मुंदडिया, विजय मोर्या, रमेश कायत, सुरेश खनगवाल, दीपक डाबला, लालाराम कटारिया, प्रेम किराड, राहुल किराड, पूरण खर्रा सहित अनैक वरीष्ठजन उपस्थित हुए और एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

